# लोक शिक्षण संचालनालय
## छत्तीसगढ़

(प्रथम तल, सी खण्ड, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर)
(दूरभाष कमांक 0771–2331385 फैक्स कमांक 0771–2445215, ईमेल– cg.dpi.dir@gmail.com)


क्रमांक / स्था.02 टी / व्या.पदो. / 13(1) / 2025 / 343 नवा रायपुर, दिनांक 23 / 09 / 2025

प्रति,

समस्त संभागीय संयुक्त संचालक,
शिक्षा संभाग छत्तीसगढ़

**विषयः–** **व्याख्याता / व्याख्याता एल.बी. (टी संवर्ग) के पद पर पदोन्नति हेतु काउंसिलिंग की सूचना के संबंध में।**

**संदर्भः–** कार्यालयीन पत्र क्रमांक / स्था.2 / व्या. / पदो. / 13(1) / 2025 / 331 अटल नगर, दिनांक 12 / 09 / 2025

––– 000 –––

विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के माध्यम से व्याख्याता / व्याख्याता एलबी टी संवर्ग के पद पर पदोन्नति उपरांत पदस्थापना हेतु समस्त संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग के माध्यम से प्राप्त जानकारी के आधार पर विषयवार पदोन्नत व्याख्याता के काउंसिलिंग हेतु सूची विभागीय पोर्टल eduportal.cg.nic.in में दिनांक 12.09.2025 को अपलोड की गई थी तथा दिनांक 15.09.2025 तक प्राप्त दावा आपत्तियों के निराकरण उपरान्त रिक्त पद एवं काउंसिलिंग हेतु सूची आज दिनांक 23.09.2025 को विभागीय पोर्टल eduportal.cg.nic.in में अपलोड की जा रही है।

काउंसिलिंग दिनांक 25.09.2025 से 28.09.2025 तक शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय (बी.टी.आई. मैदान) शंकर नगर रायपुर में आयोजित की जा रही है।

अतः संलग्न समय सारिणी अनुसार संबंधित पदोन्नत व्याख्याता / व्याख्याता एल.बी. टी संवर्ग को काउंसिलिंग में उपस्थित होने हेतु सूचित करते हुए काउंसिलिंग दिवसों में अपने कार्यालय के सहायक संचालक एवं स्थापना कक्ष लिपिक को उपस्थित होने हेतु निर्देशित करें।

संलग्नः–

1. काउंसिलिंग हेतु निर्देश।
2. काउंसिलिंग की समय सारिणी।
3. रिक्त पदों की विषयवार सूची।
4. पदोन्नत व्याख्याता / व्याख्याता एल.बी की विषयवार सूची।

**उप संचालक**
**लोक शिक्षण छत्तीसगढ़**

पृ.क्रमांक / स्था.02 टी / व्या.पदो. / 13(1) / 2025 / 344 नवा रायपुर, दिनांक 23 / 09 / 2025

1. निज सहायक, मान. मंत्रीजी, स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर।
2. सचिव, छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर।
3. प्राचार्य शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय शंकर नगर रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी छ.ग.।
5. सहायक संचालक, एम.आई.एस. कक्ष (स्थानीय) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. सर्व पदोन्नत व्याख्याता / व्या. एल.बी. टी संवर्ग को सूचनार्थ।

उप संचालक
लोक शिक्षण छत्तीसगढ़

## —::काउंसिलिंग हेतु निर्देश::—

1. काउंसिलिंग में प्रतिदिवस दोनों कक्षों में प्रथम पाली एवं द्वितीय पाली में है।
2. काउंसिलिंग प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ की जायेगी।
3. व्याख्याता टी संवर्ग अन्तर्गत संचालित शालाओं के समस्त रिक्त पदों की सूची विषयवार काउंसिलिंग के पूर्व पदोन्नत व्याख्याता/व्या. (एल.बी.) के अवलोकन हेतु सूचना के रूप में Eduportal पर प्रदर्शित किया गया है एवं काउंसिलिंग के दिन भी उन्हें प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया जायेगा।
4. काउंसिलिंग **शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय (बी.टी.आई. मैदान) शंकर नगर रायपुर** में की जायेगी।
5. सभी पदोन्नत व्याख्याता/व्या. (एल.बी.) को वर्तमान संस्था में कार्यरत होने एवं मूल पदस्थापना की जानकारी संबंधी संस्था प्रमुख द्वारा जारी प्रमाण पत्र लाना होगा। पहचान सुनिश्चित करने हेतु शासन द्वारा मान्य फोटो युक्त पहचान पत्रों में से कोई एक अनिवार्यतः लाना होगा।
6. यदि पदोन्नत व्याख्याता/व्या. (एल.बी.) दिव्यांग है, तो उसे दिव्यांगता का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा अन्यथा उसे सामान्य अभ्यर्थी मान्य किया जावेगा।
7. काउंसिलिंग में उपस्थित नहीं होने वाले तथा काउंसिलिंग में उपस्थित होने पर भी स्थान का चयन करने से इंकार करने वाले पदोन्नत व्याख्याता/व्या. (एल.बी.) की शेष बचे रिक्त पद पर पदस्थापना संचालनालय द्वारा की जायेगी।
8. पदस्थापना आदेश विभागाध्यक्ष द्वारा काउंसिलिंग दिवस में ही जारी किया जाएगा।
9. कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में विषयवार रिक्त पदों पर केवल महिला अभ्यर्थियों की पदस्थापना की जायेगी। अतः पुरूष वर्ग के अभ्यर्थी उक्त संस्था का चयन न करे।
10. **संभाग से प्राप्त रिक्त पदों की जानकारी में यदि त्रुटिवश स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट (अंग्रेजी) माध्यम विद्यालयों के अंग्रेजी माध्यम के रिक्त पद काउंसिलिंग में प्रदर्शित होते है तो उनका चयन न करें।**
11. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि, वे अपने नाम के सम्मुख तिथि एवं समय का अवलोकन करे तथा उनकी लिए निर्धारित तिथि एवं समय में ही काउंसिलिंग दिवस पर उपस्थिति प्रदान करे। द्वितीय पाली में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी अपरान्ह 01:00 बजे तक ही अपनी उपस्थिति देवें।
12. अभ्यर्थियों हेतु प्रतिक्षा हॉल की व्यवस्था कांउसिलिंग स्थल पर उपलब्ध है। संबंधित अभ्यर्थी प्रतिक्षा हॉल में ही उपस्थित रहें।

**उप संचालक**
**लोक शिक्षण छत्तीसगढ़**

As.

## —::व्याख्याता/व्याख्याता एल.बी. काउंसिलिंग की तिथिवार समय सारिणी::—

काउंसिलिंग हेतु संलग्न सूची में दर्शित पदोन्नत व्याख्याता/व्याख्याता एल.बी. निम्नानुसार अपनी उपस्थिति शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय (बी.टी.आई. मैदान) शंकर नगर रायपुर में समय पूर्व देंगे।

| क्र. | दिनांक | समय | पाली | कक्ष क्रमांक 01 | | | कक्ष क्रमांक 02 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | विषय | संलग्न सूची का सरल क्रमांक | कुल | विषय | संलग्न सूची का सरल क्रमांक | कुल |
| 1 | 25.09.2025 | 10:00 बजे से 01:00 बजे तक | प्रथम | संस्कृत | 1 से 100 | 100 | गणित | 1 से 100 | 100 |
| | | | | | | | गणित | 101 से 157 | 57 |
| | | 01:30 बजे से 05:00 बजे | द्वितीय | संस्कृत | 101 से 197 | 97 | अंग्रेजी | 1 से 80 | 80 |
| 2 | 26.09.2025 | 10:00 बजे से 01:00 बजे तक | प्रथम | राजनीतिविज्ञान | 1 से 70 | 70 | भौतिक | 1 से 20 | 20 |
| | | | | इतिहास | 1 से 51 | 51 | भूगोल | 1 से 74 | 74 |
| | | 01:30 बजे से 05:00 बजे तक | द्वितीय | जीवविज्ञान | 1 से 103 | 103 | रसायन | 1 से 42 | 42 |
| | | | | वाणिज्य | 1 से 16 | 16 | | | |
| 3 | 27.09.2025 | 10:00 बजे से 01:00 बजे तक | प्रथम | हिन्दी | 1 से 100 | 100 | अर्थशास्त्र | 1 से 114 | 114 |
| | | 01:30 बजे से 04:00 बजे तक | द्वितीय | हिन्दी | 101 से 182 | 82 | — | — | — |
| 4 | 28.09.25 | 10:00 बजे से 01:00 बजे तक | प्रथम | काउंसिलिंग में किसी कारणवश सम्मिलित नहीं हो पाये शिक्षकों की काउंसिलिंग हेतु | | | | | |

**उप संचालक**

लोक शिक्षण संचालनालय